भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
06.04.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 5708 का उत्तर

डिमोव एवं डेकापम रेलवे स्टेशनों का उन्नयन

5708. श्री प्रदान बरुवा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार डिमोव और डेकापम रेलवे स्टेशनों को अपग्रेड करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या उक्त रेलवे स्टेशन ब्रॉडगेज में आमान परिवर्तन से पहले मीटर-गेज स्टेशन था;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): डिमाउ और डेकापाम हॉल्ट स्टेशन मीटर लाइन सेक्शन पर मौजूद हैं। वर्ष 2001 (अप्रैल-सितम्बर) के लिए डिमाउ और डेकापाम हॉल्ट पर आने वाले औसत दैनिक यात्रियों की संख्या क्रमशः 12 और 9 थी। तत्पश्चात, इन हॉल्ट स्टेशनों को यहां आने वाले यात्रियों की नगण्य संख्या को देखते हुए 10.12.2002 (डेकापाम) तथा 13.01.2003 (डिमाउ) को बंद कर दिया गया था।

चूंकि, ये दो हॉल्ट स्टेशन वर्तमान में मौजूद नहीं हैं, इसलिए इनके अपग्रेडेशन का प्रश्न ही नहीं उठता।

****